गैरसैंण, सोमवार
16 जून 2025
वर्षः 17
अंकः 51 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### घटना होते ही सुबह 6 बजे बाद से बंद हो गई सभी हेली सेवाएं

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में गौरीकुंड खर्क के पास हुई हेली दुर्घटना की खबर जैसे ही सभी हेलीपैडों पर सुनाई दी तो इसके बाद यात्रियों में भी दहशत आ गई। ठीक 6 बजे बाद सभी हेली सेवाएं बंद हो गई जबकि घबराए यात्री वापस लौटने लगे। सुबह–सुबह इस तरह की घटना से हेलीपैडों पर भी मातम सा पसर गया। केदारघाटी के हेलीपैडों में रविवार को भी उसी तरह का माहौल था जैसा कि हर दिन सुबह रहता है। सब कुछ हर दिन की तरह हेलीपैडों पर यात्रियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। तीन हेलीकॉप्टर कम्पनियों ने पहले घंटे के लिए उड़ाने शुरू की और केदारनाथ भी पहुंचे, किंतु इस बीच खबर आई कि हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इसी बीच देखते ही देखते हेलीपैडों पर सन्नाटा पसर गया। सभी घटना को लेकर अपडेट लेने लगे। इसी बीच केदारनाथ से दो हेलीकॉप्टर भी अपने हेलीपैड पर लैंड हो गए और कुछ ही देर में हेली सेवाएं बंद हो गई। हेली सेवा बंद होने से यात्री भी निराश होकर वापस लौट गए।

### आत्महत्या करने को नदी में कूदी युवती को बचाया

नई टिहरी। थाना मुनिकीरेती क्षेत्र में आत्महत्या करने के लिए नदी में कूदी युवती को अथक प्रयास कर पुलिस व बोट संचालकों ने सकुशल बचाया है। पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार मूल आंध्र प्रदेश व हाल निवासी सुभाष नगर देहरादून निवासी 23 वर्षीय एक युवती हनुमान घाट से नदी में छलांग लगाई। बहते देख जल पुलिस व बांट संचालकों ने इस युवती को हनुमान घाट से नाव घाट के बीच नदी में तैर कर तथा मोटर बोट चालक व संचालक की सहायता से ओंकारानंद घाट पर सकुशल रेस्क्यू किया गया। महिला के परिजनों को पुलिस ने सूचित किया। जानकारी करने पर यह बात प्रकाश मे आई है कि यह लड़की मूल रूप से आंध्र प्रदेश की रहने वाली है। वर्तमान में ग्राफिक ईरा इंस्टीट्यूट में बीटेक अंतिम वर्ष की छात्रा है। परिवार वालों से नाराज होकर गंगा में स्वयं डूबने का प्रयास किया। परिजनों ने अपनी पुत्री को सकुशल पाकर पुलिस को धन्यवाद दिया है। युवती को बचाने में पुलिस कर्मियों में सुभाष, विदेश व राजेंद्र, गोताखोर पीयूष व महेंद्र सहित वोट चालक पूर्ण सिंह व अंकित कुकरेजा की भूमिका अहम रही।

### मानसून काल में सभी अधिकारी हाई अलर्ट मोड पर रहें

चम्पावत। मानसून काल और मौसम विज्ञान विभाग देहरादून की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद चम्पावत के अलग–अलग स्थान और उनके आसपासों के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ आंधी, तेज हवा और बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। इस स्थिति में सावधानियां बरतते हुए डीएम नवनीत पांडे ने सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट मोड में रहने को कहा है। डीएम ने अधिकारियों से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग, लोनिवि चम्पावत–लोहाघाट, पीएमजीएसवाई चम्पावत– लोहाघाट, एनपीसीसी, पीआईयू मोटर मार्ग बाधित होने की दशा में सावधानी बरतते हुए तत्काल मोटर मार्ग खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा समस्त तहसीलदार एवं पटवारी अपने क्षेत्र में बने रहेंगे साथ ही समस्त थाने एवं चौकी भीआपदा संबंधित उपकरणों सहित हाई अलर्ट मोड में रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना तत्काल आपातकालीन परिचालन केंद्र 05965– 230819, 230703 (1077), 9917384226 और 7895318895 पर तत्काल दी जा सकती है।

### बारिश से दो सड़क बंद, लोगों की बढ़ी परेशानी

बागेश्वर। जिले में शनिवार की रात से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कपकोट में दो सड़कें बंद हो गई है। इससे लोगों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। कपकोट–बागेश्वर मोटर मार्ग स्थित हरसीला के पास मलबा आने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। साथ ही कपकोट–कर्मी मोटर मार्ग भी बंद है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि बंद मार्ग खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

# केदारनाथ के पास गौरीकुंड में हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 7 लोगों की मौत



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार सुबह एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर ने रविवार सुबह 5:24 मिनट पर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे।

केदारघाटी के गौरी खर्क में हुई हेली दुर्घटना के बाद रेस्क्यू टीमें पांच किमी पैदल चलकर मृतकों के सभी शवों सड़क मार्ग तक लाए। जहां शवों को एबुलेंस के माध्यम से शिख्नात एवं पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिए जाएंगे, इसके लिए प्रशासन ने अधिकारियों की भी तैनाती कर दी है। केदारघाटी के गौरीकुंड के गौरी खर्क के पास आर्यन कंपनी का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलेट समेत सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद 6 डीडीआरएफ, 8 एसडीआरएफ, 22 एनडीआरएफ एवं 8 पुलिसकर्मी घटना स्थल के लिए रवाना हुए। लगभग पांच किमी चढ़ाई चढ़कर रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर पहुंची, जहां रेस्क्यू टीमों ने दुर्घटनाग्रस्त हुए हेली के आसपास क्षत–विक्षत शवों को निकाला। जिसके बाद सात लोगों के शवों को पांच किमी पैदल चलकर सड़क मार्ग तक पहंचाया। जहां से एंबुलेंस के माध्यम से शवों को परिजनों के शिनाख्त एवं पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा लाया जा रहा है, सभी शवों का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया है। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एसडीआरएफ के हवाले से बताया गया है कि हेलिकॉप्टर हादसे में मरने वालों में कुल 7 लोग शामिल हैं।

**मृतकों की डिटेल**

1. कैप्टन राजबीर सिंह चौहान – पायलट (जयपुर)
2. विक्रम रावत, बीकेटीसी निवासी रासी ऊखीमठ
3. विनोद देवी (उम्र 66) निवासी उत्तर प्रदेश
4. तृष्टि सिंह (उम्र 19) उत्तर प्रदेश
5. राजकुमार सुरेश जायसवाल (उम्र 41) निवासी गुजरात
6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र
7. काशी (उम्र 02 साल) निवासी महाराष्ट्र

जानकारी के मुताबिक, यह हेलिकॉप्टर आज सुबह केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के पास लापता हो गया था। बता दें कि बीते मई से अब तक उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर क्रैश होने की यह चौथी घटना है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट कर लिखा, "जनपद रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं।बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।"

## रुद्रप्रयाग हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त के जांच के आदेश

### लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई



देहरादून। सोमवार तक चार धाम के लिए हेली सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। चार धाम में लगे सभी हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी हेली ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुनः हेली सेवा को सुचारु किया जाएगा। राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन "कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर" की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली आपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक के दौरान दिए।

मुख्यमंत्री ने सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, अळउ के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे। यह समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने आगामी समय के लिए प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा आम जन के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत में जिंदगियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं पायलटों को अनुमति दी जाएगी जिनका उच्च हिमालय क्षेत्रों में हेली उड़ाने का दीर्घकालीन अनुभव होगा। उन्होंने कहा डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को और सख्त बनाया जाए, जिसका अनुपालन शत प्रतिशत किया जाए। मुख्यमंत्री ने हिमालय क्षेत्रों में अधिक संख्या में मौसम पूर्वानुमान के अत्याधुनिक उपकरण लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके।

# पाकिस्तान की फिर खुली पोल, राफेल को मार गिराने का दावा झूठ निकला

### –डसॉल्ट सीईओ ट्रैपियर ने बताई सच्चाई



नई दिल्ली,भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के तहत 6–7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे. इसके बाद पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के तीन राफेल जेट को मार गिराया है.

अब अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल की निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने भी पाकिस्तान के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है.

ट्रैपियर ने कहा कि राफेल को गिराने का दावा सही नहीं हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से हमें ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है जिसमें राफेल विमान को किसी नुकसान का संकेत दिया गया हो. डसॉल्ट सीईओ ट्रैपियर ने कहा, हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तान जो दावा कर रहा है, वह गलत है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का पूरा विवरण अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है. ट्रैपियर ने भारत–पाकिस्तान संघर्ष पर सीधे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया.

ट्रैपियर का कहना है कि राफेल जेट परफॉर्मेंस में चीनी और अमेरिकी लड़ाकू विमानों से बेहतर है. उन्होंने कहा कि अगर आपको हवा से हवा में युद्ध, टोही, जमीनी हमले, परमाणु रोधी और विमानवाहक पोत की तैनाती में सक्षम एक भी विमान चाहिए, तो राफेल बेजोड़ है. आतंकियों के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने दावा किया था कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवाबी हमले में तीन राफेल सहित भारत के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया और भारतीय सैनिकों को पकड़ लिया. हालांकि, पाकिस्तान ने इन दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत जारी नहीं किया है.


वहीं, भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन की गोपनीयता बनाए रखते हुए किसी भी विमान के नुकसान की पुष्टि नहीं की है. भारतीय सैन्य अधिकारियों ने ऑपरेशन की सफलता पर जोर दिया. सैन्य अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के सैन्य ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है.

### दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में गिरा 100 फीट लंबा मोबाइल टावर, बड़ा हादसा टला

नई दिल्ली,राजधानी दिल्ली के सबसे पॉश इलाकों में से एक सफदरजंग एन्क्लेव के बी–2 ब्लॉक में रविवार तड़के तेज आंधी के चलते लगभग 100 फीट लंबा मोबाइल टावर गिर गया. हादसा करीब 4 बजे बजे हुआ, जब अधिकतर लोग अपने घरों में थे. गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था. स्थानीय लोगों ने कहा कि यह टावर बिना उनकी अनुमति के लगाया गया था. शुरुआत में उन्हें बताया गया कि स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, लेकिन बाद में यहां मोबाइल टावर स्थापित कर दिया गया. टावर गिरने से इलाके में कई पेड़ और बिजली की तार क्षतिग्रस्त हो गईं. यह टावर न लगे इसके लिए हमने विरोध भी जताया था, लेकिन हमें हटाने के लिए महिला पुलिस बुला ली गई. उन्होंने कहा कि अगर यह पोल दिन के समय गिरा होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे तक भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, न ही टावर को हटाने की कोई कोशिश की गई.

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 278 हुई


**● शव मिलने का सिलसिला जारी**



अहमदाबाद, अहमदाबाद–लंदन विमान दुर्घटना का आज चौथा दिन है. दुर्घटनास्थल पर बिखरे मलबे से पूरी तरह जले क्षत–विक्षत शव निकलने का सिलसिला जारी है. ताजा आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 278 पहुंच गई है. अहमदाबाद विमान दुर्घटनास्थल से अभी शव बरामद किए जा रहे हैं. आधिकारिक जानकारी के अनुसार शवों की तलाश का काम अभी भी जारी है. दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से शनिवार को तीन शव बरामद किए गए, जो दुर्घटनाग्रस्त विमान के पिछले हिस्से से मिले. इस तरह दुर्घटना में मरने वालों की कुल संख्या 278 हो गई. शनिवार को बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस के ऊपर विमान की पिछली सीट से एक लड़की और दो अन्य शव जली हुई अवस्था में मिले. लड़की के एयर इंडिया के चालक दल की सदस्य होने की आशंका है. फिलहाल, एनडीआरएफ और अन्य जांच एजेंसियों के साथ दमकल की टीम दुर्घटनास्थल की जांच कर रही है. बचाव दल अभी भी दुर्घटनास्थल के आसपास लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं. आशंका है कि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है.

एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए कुल 241 यात्रियों में से कुल 19 यात्रियों के डीएनए नमूने मैच हुए हैं. 17 अन्य मृतक यात्रियों के डीएनए नमूने अभी प्राप्त होने बाकी हैं. अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में कुल 36 विशेषज्ञों द्वारा डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया लगातार चल रही है. 24 घंटे तक लगातार डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी है. डीएनए मिलान प्रक्रिया के लिए 36 से 48 घंटे तक बैचों में सैंपल जांच की जा रही है. मृतकों में 3 विदेशी और एक भारतीय नागरिक के डीएनए सैंपल मिलान की प्रक्रिया लंबित है.

# इजरायल पर ईरानी मिसाइल हमले में 10 की मौत



तेल अवीव,। इजरायल और ईरान लगातार दूसरे दिन एक–दूसरे पर हमले कर रहे हैं। बीती रात ईरान ने इजरायल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं, जिनमें 10 लोगों की मौत हो गई है और कम से कम 200 लोग घायल हुए हैं। करीब 20 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

वहीं, इससे पहले इजरायल ने ईरान के तेल और गैस डिपो को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने 150 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है। ईरान ने बीती रात तेल अवीव, बत याम, रेहोवोत और रमत गान में मिसाइलें दागीं। इन हमलों में 6 महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई है।

अभी भी इमारतों के मलबे में तलाशी अभियान जारी है। कहा जा रहा है कि करीब 20 लोग मलबों में दबे हुए हैं।

इसी के साथ ईरानी हमलों में इजरायल में मृतकों की संख्या 13 पर पहुंच गई है। 300 से ज्यादा लोग घायल हैं। इजरायल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी पर हमला किया है। हमले के बाद गैस रिफाइनरी में भीषण विस्फोट हुआ, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इजरायली सेना ने कहा कि उसका अभियान अभी भी जारी है। सेना ने राजधानी तेहरान समेत 150 ठिकानों को निशाना बनाया है। इसमें ईरान के परमाणु ठिकाने, रणनीतिक स्थल और मिसाइल लॉन्चर शामिल हैं। आज सुबह ईरान के पूर्वी हिस्से पर हमले हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने इजराइल पर हमले के लिए पहली बार नई और आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। इसका नाम हज कासिम है, जिसे कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर कासिम सुलेमानी के नाम पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि ये सॉलिड फ्यूल गाइडेड बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 1,200 किलोमीटर है। यह हाइपरसोनिक स्पीड यानी लगभग 14,800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमला करती है। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि पिछले दिन ईरान के साथ समन्वय में उन्होंने तेल अवीव क्षेत्र में संवेदनशील इजरायली दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाकर 2 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने कहा कि उन्हें मिसाइल दागे जाने की जानकारी नहीं है। वहीं, इराक में अमेरिका के ऐन अल–असद एयर बेस पर ड्रोन हमले की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने 3 ड्रोन को मार गिराया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोग मारे गए हैं। जिले के बारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में देर रात आकाशीय बिजली गिरी। परिवार के चार सदस्य इसकी चपेट में आए और मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। बारा की सहायक पुलिस आयुक्त कुंजलता ने बताया कि प्रयागराज के बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनबरसा गांव में रात करीब एक बजे एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे, जिनमें पति–पत्नी के अलावा दो बच्चियां शामिल हैं। शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बीते कुछ हफ्तों में प्रयागराज के अलावा फतेहपुर और फिरोजाबाद में भी आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की जान जा चुकी है। 22 मई को फतेहपुर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नंदापुर गांव में 16 वर्षीय अंशिका शुक्ला घर के बाहर सूख रहे कपड़े उठाने गई थी, तभी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पेड़ टूटकर अंशिका के ऊपर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर आया भारी मलबा, एक व्यक्ति की मौत, यात्रा रोकी

रुद्रप्रयाग,उत्तराखंड के केदारघाटी में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा प्रभावित होने लगी है. गौरीकुंड से केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग के जंगलचट्टी के पास लगातार हो रही भारी बारिश के कारण गदेरा (नदी–नाला) उफान पर आ चुका है. गदेरे के उफान पर आने से मलबा पत्थर आने के कारण केदारनाथ धाम जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया है. मलबा पत्थर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है. केदारघाटी में मूसलाधार बारिश के कारण केदारनाथ पैदल यात्रा फिलहाल रोक दी गई है. बताया जा रहा है कि बारिश के कारण जंगलचट्टी के पास गदेरा उफान के आने से भारी मात्रा में मलबा और पत्थर पैदल मार्ग पर जमा हो चुका है. वहीं मलबा पत्थर की चपेट में आने में एक व्यक्ति की मौत जबकि दो लोग घायल हो चुके हैं. मौसम पूर्वानुमान के अनुरूप इस पूरे सप्ताह के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है. जिस क्रम में निरन्तर बारिश हो रही है. केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी में मार्ग बाधित होने और संपूर्ण पैदल मार्ग के अनेकों स्थल जो कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र हैं, ऐसे में एहतियातन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा को अग्रिम आदेशों तक सोनप्रयाग से स्थगित कर दिया गया है. केवल जंगलचट्टी क्षेत्र में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में फंसे यात्रियों को पुलिस सुरक्षा के बीच नीचे की ओर भिजवाया जा रहा है. रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने केदारनाथ धाम आ रहे श्रद्धालुओं से अपील है कि वे जहां पर हैं, वहीं पर सुरक्षित रहें और आस–पास के निकटवर्ती स्थलों पर होटल इत्यादि में स्टे करें.

# राजनाथ सिंह एससीओ रक्षा बैठक के लिए जा सकते हैं चीन, मिला आधिकारिक निमंत्रण



नईदिल्ली,केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस महीने के अंत में चीन के किंगदाओ का दौरा कर सकते हैं। दरअसल, चीन को इस साल के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की मेजबानी मिली है। उसने एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के लिए सिंह को निमंत्रण भेजा है। अगर, सिंह इस बैठक में जाते हैं तो यह साल 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद किसी भारतीय नेता पहला चीन दौरा होगा। सिंह के एससीओ बैठक में जाने पर चीन में यह पहली भारतीय मंत्रिस्तरीय वार्ता होगी, क्योंकि दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त फिर से शुरू करने और सैनिकों को वापस बुलाने के लिए समझौता किया था। भारत और चीन सीमा पर तनाव कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। ऐसे में सिंह की यह यात्रा भारत–चीन संबंधों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। सिंह ने पिछली बार लाओस में आयोजित एशियाई रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम) शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की थी, जो कि सैनिकों की वापसी के समझौते के बाद उनकी पहली बातचीत थी।

### झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से युवक की मौत

रुद्रपुर। पेट दर्द में झोलाछाप से उपचार लेकर घर लौटकर आए एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप पर युवक को गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। परिजनों ने कोतवाली पहुंच कर आरोपी के खिलाफ शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

32 वर्षीय महेश कश्यप पुत्र मंगल सेन अपनी पत्नी ममता कश्यप और दो वर्षीय बेटे के साथ लक्ष्मी नगर वार्ड 2 किच्छा में रहता था। वह रुद्रपुर सिडकुल में नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि बीते शनिवार उसके पेट में तेज दर्द उठा था। इसके बाद वह एक झोलाछाप के यहां दवाई लेने गया था।

# बारिश के बीच भी तीर्थयात्रियों की आस्था देखने लायक



ऋषिकेश। चारधाम दर्शन से पूर्व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश में तीर्थयात्रियों की भीड़ जुट रही है। धामों के लिए पंजीकरण कराने के बाद यात्री भगवान बदरी–केदार के जयकारों के साथ ऋषिकेश से आस्थापथ पर रवाना हो रहा है। बारिश के बीच भी तीर्थयात्रियों की आस्था देखने लायक है। सुबह से ही वह कतारों में लगकर पंजीकरण काउंटरों पर रजिस्ट्रेशन कराने में जुट जा रहे हैं। रविवार को सुबह चारधाम ट्रांजिट केंद्र में पंजीकरण काउंटरों पर यात्रियों की कतारें लगने शुरू हुईं, जो कि शाम तक जारी रही। करीब नौ हजार यात्रियों ने चारधाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। यहां से उन्होंने भगवान बदरी–केदार के जयकारों के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पूर्व यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की भी की गई। केंद्र में स्थापित हेल्थ स्क्रीनिंग डेस्क पर शारीरिक परीक्षण के बाद यात्रा में आवश्यक जानकारियां भी दी गईं। यात्रियों को केंद्र में जरूरी दवाएं भी निशुल्क वितरित की जा रही हैं। रविवार को रजिस्ट्रेशन के लिए दिल्ली, यूपी, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, गुजरात समेत विभिन्न राज्यों के यात्री कतारों में दिखे। संयुक्त निदेशक पर्यटन वाईके गंगवार ने बताया कि पिछले वर्षों में यात्राकाल के दौरान पंजीकरण की सुविधाओं को बेहतर करने के तहत ऋषिकेश में 30 काउंटर स्थापित किए गए हैं। 25 मोबाइल रजिस्ट्रेशन टीम भी यहां तैनात की गई है, जिससे चंद मिनटों में ही यात्रियों को रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल रही है।

# सम्पादकीय

## आसमानी मौत की सेवाएं

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवा अब उड़ता ताबूत साबित होने लगी है। अलग–अलग कंपनिया बद्रीनाथ केदारनाथ के लिए सेवाएं प्रदान कर रही है लेकिन जिस प्रकार से दुर्घटनाओं की श्रृंखला बनती जा रही है उसे लगता है कि यह हेली कंपनियां चार महीने के सीजन में ही ताबड़तोड़ कमाई करना चाहती हैं, जिसके लिए तमाम नियम कानून को ताक पर रखकर यात्रियों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रही है। चिंता की बात तो यह है की इन कंपनियों को सरकार की चेतावनियों से भी कोई लेना देना नहीं है और तमाम बैठकों के बावजूद भी राज्य सरकार इन कंपनियों पर लगाम नहीं कस पा रही है। इधर केदार घाटी में फिर हैली दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू हुए अभी एक महीना कुछ दिन ही हुए हैं लेकिन पांचवीं हैलीकॉप्टर दुर्घटना हो गई जिसमें छह लोगों की जान चली गई। लगातार दुर्घटनाओं के बाद सरकार का आरोपी के घेरे में आना लाजमी है और इसी के परिपेक्ष में कांग्रेस ने इसे उत्तराखंड की भाजपा सरकार की लचर व लापरवाह हवाई सेवा नियमावली से जोड़ा है। विपक्ष द्वारा पहले भी प्रदेश में एयर ट्रैफिक कंट्रोल नियमावली कड़ाई से लागू करने की मांग की थी और बाकायदा इस बात पर पार्टी द्वारा सख्त आपत्ति दर्ज करवाई गई थी कि हैली कंपनियां पैसा कमाने की आपाधापी और प्रतिस्पर्धा में नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं जिससे यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अधिक मुनाफे के फेर में ही खराब मौसम के बावजूद केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए हैलीकॉप्टर ने उड़ान भरी और पांच मिनट में जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेली कंपनी को यात्रियों की सुरक्षा से मानो कोई लेना–देना ही नहीं है और इस दुर्घटना के बाद दो और उड़ाने भरी गई जो सूचना मिलने के बाद वापस हो गई। हेली कंपनियों की मनमानी का आकलन इस बात से भी लगाया जा सकता है कि वह उच्च स्तरीय बैठकों में जारी किए जाने वाले निर्देशों को भी दरकिनार कर रहे हैं। हैली सेवाओं को अभी हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा कड़ी चेतावनी के साथ निर्देश दिए गए थे लेकिन मुख्यमंत्री की चेतावनी के मात्र दो दिन बाद खराब मौसम में हैलीकॉप्टर उड़ाना यही साबित कर रहा है कि हैली कंपनियां पैसा कमाने के लिए किसी भी हद तक जाएंगी। हेली एशियन कंपनियों की मनमानी के बाद अब सरकार को यह निश्चित कर लेना चाहिए कि प्रदेश में उसकी चलेगी या फिर एविएशन कंपनियों की? हैली सेवाओं के मामले में सख्ती से और ट्रैफिक नियमावली को लागू करवाए व यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, हेलिकॉप्टर्स की सफाई ऑडिट व उनके अन्य सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। अहमदाबाद वायु दुर्घटना के बाद हवाई दुर्घटना से जुड़ी उत्तराखंड से यह बड़ी खबर मिली है जो बेहद दुखद है। वे यात्री जो दर्शन करने के लिए पैसा खर्च करते हैं लेकिन कंपनियों की लापरवाही के कारण अपनी जान गवा रहे हैं। सरकार को अब बातों से नहीं बल्कि परिणामों से इस दिशा में कदम उठाना ही होगा अन्यथा दुर्घटनाओं का यह क्रम चलता रहेगा और मामूली कानूनी कार्रवाई इन कंपनियों पर कोई असर डालेगी इसके आसार कम ही है।

# इंटरनेट युग में मानव साम्यता ,उसका तकनीकी कौशल और मनोविज्ञान

**अजय दीक्षित**

गूगल हेड क्वाटर में कैंपस के लोन की बढ़ी हुई घास काटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है बल्कि बकरियों को लोन में छोड़ देते हैं ताकि लोन की घास एक सीमा से अधिक नहीं बढ़ सके। ऐसा इस लिए किया जाता है क्योंकि घास काटने की मशीनों से कंपन होता है और उससे कंपनी के कर्मचारियों, अधिकारियों में चिड़चिड़ापन महसूस होता है जो उनकी कार्य क्षमता ब दक्षता को प्रभावित करता है।

मेरे एक मित्र कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिल्स में रहते और गूगल में सॉफ्ट वेयर इंजीनियर हैं, उन्होंने यह बकाया सुनाया कि बड़ी संस्थान अपने कर्मचारियों के मनोविज्ञान को पढ़ने और संतुलित करने के लिए क्या क्या नहीं करते हैं। मुझे यह सुनकर अचरज नहीं हुआ क्योंकि यह बात सही है कि संस्थानों में बेहतर व्यवस्था के लिए मनोविज्ञान के चिकित्सक रखे जाते हैं जो समय समय पर बिना परीक्षण किए नए नए तकनीकी कौशल के लिए प्रबंधन को सुझाव देते हैं।यह भी एक मनोविज्ञान है।ये मनो एक्सपर्ट कर्मचारियों, अधिकारियों के घरों का दौरा भी जब करते हैं तब उन्हें ऐसा लगता है कि उक्त कर्मचारी या अधिकारी की कार्य क्षमता ब दक्षता का उपयोग ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है।ये विशेषज्ञ उनके घर जा कर उनकी पत्नी, बच्चों से बात करते हैं और यहां तक कि पर्दा के रंग, सोफे का रंग, रसोई की स्थिति को भी कंपनी की ओर से बदल बाते है लेकिन मामला कर्मचारियों, अधिकारियों के संज्ञान में लाए बिना। सेनफ्रांसिस्को में अमेजॉन नामक बहुदेशीय,कंपनी का मुख्यालय है उसने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों की कोई ड्रेस नहीं बनाई है न ही प्रबंधन प्रतिदिन इनसे रूबरू होता है और बस क्या कार्य करना यह तय होता है और उसे बड़े बारीकी से जांचा जाता है और तब उसकी क्षमता,का कार्य कार्य जाता है।इन कर्मचारियों अधिकारियों को एक से पांच करोड़ रुपए के पैकेज पर काम दिया गया है।यूरोपीय देशों में जर्मनी फ्रांस, इटली, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया,अमेरिका, में ऐसा नियमित रूप से होता है। कर्मचारियों अधिकारियों के छुट्टी के दिन तय है और उस दिन उन्होंने किया किया इसका भी परीक्षण किया जाता है।अमेरिका,इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, फ्रांस इटली

बेल्जियम में क्रायोजेनिक इंजन, बोइंग , लड़ाकू विमानों, रॉकेट, नए नए तकनीकी संचार,बनाए जाते हैं। और इन उत्पादों को बनाने के उन्नत किस्म का माहौल बनाया जाता हैवेस्टलैंड हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड का मुख्यालय मिलान इटली में है और शहर से 50 किलो मीटर दूर है लेकिन कर्मचारियों, अधिकारियों को सुविधाएं पांच सितारा है।भारत में कुछ इस प्रकार का माहौल तो नहीं है लेकिन इसरो, आईआईटी, एम्स ने इस दिशा में कुछ कार्य किया है ऐसा पूर्व राष्ट्रपति स्व अब्दुल कलाम ने लिखा भी है कि इसरो के वैज्ञानिकों को सरोद सुबह और वायलिन रात्रि को सोने से पहले बजा कर मेडिटेशन लेने का अनुरोध किया था ताकि प्रयोगशाला ध्यान विचलित न हो हताशा न आए क्योंकि मिसाइल और उपग्रह ऐसे क्षेत्र हैं जहां सफलता सौ बार असफल होने के बाद भी मिल जाय तो आप प्रवीण्य हो।लेकिन बढ़ती जनसंख्या दबाव के चलते भारत को अभी दिल्ली दूर ही दिख रही है। मनोविज्ञान कैसा है यह कार्यकुशलता पर प्रभाव पड़ता है।

**भारत में कुछ इस प्रकार का माहौल तो नहीं है लेकिन इसरो, आईआईटी, एम्स ने इस दिशा में कुछ कार्य किया है ऐसा पूर्व राष्ट्रपति स्व अब्दुल कलाम ने लिखा भी है कि इसरो के वैज्ञानिकों को सरोद सुबह और वायलिन रात्रि को सोने से पहले बजा कर मेडिटेशन लेने का अनुरोध किया था ताकि प्रयोगशाला ध्यान विचलित न हो हताशा न आए क्योंकि मिसाइल और उपग्रह ऐसे क्षेत्र हैं जहां सफलता सौ बार असफल होने के बाद भी मिल जाय तो आप प्रवीण्य हो। लेकिन बढ़ती जनसंख्या दबाव के चलते भारत को अभी दिल्ली दूर ही दिख रही है। मनोविज्ञान कैसा है यह कार्यकुशलता पर प्रभाव पड़ता है। राजनीतिक क्षेत्र में भी ऐसे नेता जो कम बोलते हैं,सटीक बोलते हैं, जनता से आंखें मिला कर बात करते हैं अधिक सफल होते हैं।**



राजनीतिक क्षेत्र में भी ऐसे नेता जो कम बोलते हैं,सटीक बोलते हैं, जनता से आंखें मिला कर बात करते हैं अधिक सफल होते हैं। एस जयशंकर, राजनाथ सिंह, अश्वनी वैष्णव, पियूष गोयल, शिवराज सिंह, और सबसे बड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सफल नेता हैं। इस प्रकार की प्रशिक्षण रैली या लोको पायलट, पायलट, फाइटर जेट पायलट की भी होनी चाहिए। देश के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर को भी चिड़चिड़ापन महसूस नहीं होना चाहिए।

## कविता

कोटद्वार: अव्यवस्था का गढ़  
ये नगर कोटद्वार है  
गढ़–भूमि का आधार है,  
भक्ति शक्ति को समर्पित  
सिद्धबाबा का दरबार है,  
कण्व ऋषि के आश्रम तक  
अब नगर का विस्तार है,  
भरत तेरी इस धरा पे  
कैसा कदाचार है,  
प्रशासन के साये में  
अवैध कारोबार है,  
अनियंत्रित सा खदान है  
वृक्षों का कटान है,  
खनन माफियाओं के ऊपर  
व्यवस्था का वरदान है,  
धूल–मिट्टी का गुबार है  
गड्ढे भी बेशुमार हैं,  
नजीबाबाद से आने का  
सफर हुआ दुश्वार है,  
मुसाफिर सब बेहाल है  
आना जाना मुहाल है,  
हाइवे के निर्माण की  
कछुए जैसी चाल है,  
जनमानस बेजार है  
अतिक्रमण की भरमार है,  
व्यवस्था सारे परिवहन की  
नगर में तार–तार है,  
चौबीस घंटे का जाम है  
मुसीबत में आवाम है,  
जनमानस की आशाओं पे  
लगा डाका सरेआम है,  
निजाम हुआ ढुल–मुल है  
बदहाली में सिडकुल है,  
मुद्दतों के बाद बन पाया  
मालन नदी का पुल है,  
ये कैसा गौरव गान है  
प्रथा अजब महान है,  
टैक्सी स्टैंड पे करवा दिया  
वीरांगना का सम्मान है,  
कभी प्रलय सी बाढ़ है  
कहीं टूट रहा पहाड़ है,  
सियासत की आड़ में  
बस ठेकों का जुगाड है,  
छुट भईयों की बहार है  
राजनीति हुई दुमदार है,  
दल बदलुओं के नाम की  
प्रचंड सी बयार है,  
निगम की दुहाई है  
लुटी माल मलाई है,  
मोटर नगर में दशकों से  
हड़प्पा सी खुदाई है,  
माननीयों के ठाठ हैं  
धन की बंदर बांट है,  
चौड़ सौड़ में कट गए  
प्लाट ही प्लाट है,  
भाभर और तराई है  
संस्कृति की रुसवाई है,  
पुलिंदा रोड पे हो रही  
सुबह शाम बेहयाई है,  
मालवीय जी का उद्यान है  
माननीयों का गुणगान है,  
केवल नारों में चल रहा  
स्वच्छता का अभियान है,  
शोहदों का बवाल है  
ध्वस्त पुलिस का इकबाल है,  
रेफर की रस्म निभा रहा  
बेस सा अस्पताल है,  
सुविधाओं का दावा है  
रेल तंत्र का दिखावा है,  
मेडिकल कॉलेज के नाम का  
बस छलावा ही छलावा है,  
वानरों का उत्पात है  
आशाओं पे तुषारापात है,  
नशाखोरों की झूमती  
रोज शाम जमात है,  
मौन गद्दी नशीन हैं  
सियासत मूल्य विहीन है,  
अवैध कब्जे की भेंट में  
बासठ बीघा जमीन हैं,  
टूट रही सब आस है  
कंडी रोड़ को वनवास है,  
जनमानस रोज पूछ रहा  
कहां गया विकास है ।।

कविता के लेखक: प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत

# बच्चों को कृष्णोंदु बनने से बचाना होगा

**अमित बैजनाथ गर्ग**

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णोंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर शुभांकर दीक्षित की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुभांकर की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपये के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपये दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा–पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई।

बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत तामलुक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णोंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने कुरकुरे नहीं चुराए। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे।

**बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाश–ाक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत तामलुक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णोंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने कुरकुरे नहीं चुराए। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है।**

मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।असल में यह घटना उन मां–बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात–बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता–पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता–पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां–बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी–छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है।

# माचो स्टार गोपीचंद के फैंस को मिला तोहफा

माचो स्टार गोपीचंद वर्तमान में एक नई फिल्म प्तगोपीचंद33 में अभिनय कर रहे हैं, जिसका निर्देशन दूरदर्शी संकल्प रेड्डी कर रहे हैं और श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन के श्रीनिवास चित्तूरी द्वारा निर्मित, पवन कुमार द्वारा प्रस्तुत। भव्य ऐतिहासिक महाकाव्य, जिसे उच्च बजट के साथ बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, इसकी शूटिंग प्रगति पर है। गोपीचंद के जन्मदिन के अवसर पर, निर्माताओं ने एक चौंका देने वाला विशेष पोस्टर और एक झलक जारी की है, जिसने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया है। और यह कितना बड़ा बदलाव है। गोपीचंद एक क्रूर योद्धा के रूप में सामने आए हैं, उनके लंबे बाल, युद्ध में घिसी हुई घनी दाढ़ी, माथे पर सिंदूर की लाली और तीव्रता से भरी आंखें हैं। दृढ़ निश्चयी शांत भाव से बैठे, हाथ में तलवार और पृष्ठभूमि में युद्ध का मैदान, पोस्टर शक्ति और वीरता की चीखें लगाता है। बर्फीले पर्वत श्रृंखलाओं के शानदार कैनवास के



सामने सेट की गई झलक की बात करें तो यह एक रहस्यमय शांति के साथ शुरू होती है। नायक योद्धा के रूप में अपने तंबू से बाहर निकलता है। शांति के एक मार्मिक क्षण में, वह अपने घोड़े के साथ जुड़ जाता है, अपना सिर उसके सिर पर रखता है, और चुपचाप एक प्रतिज्ञा करता है। धीरा धीरा के संगीत के साथ, दृश्य धमाकेदार, राजसी और ध्यानपूर्ण लगते हैं। निर्देशक संकल्प रेड्डी, जिन्हें आईबी 71 (आसमान में), गाजी (पानी में) और अंतरिक्षम (अंतरिक्ष में) जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों में अपनी अनूठी कहानी और तकनीकी प्रतिभा के लिए जाना जाता है, ने एक नए क्षेत्र में कदम रखा है।

## टेस्ट क्रिकेट: रविंद्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ कैसा रहा है प्रदर्शन?

नईदिल्ली, टेस्ट क्रिकेट में रविंद्र जडेजा का इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ प्रदर्शन हमेशा चर्चा में रहा है। गेंद और बल्ले दोनों से उन्होंने कई अहम मौकों पर भारतीय क्रिकेट टीम को फायदा पहुंचाया है। अब 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है, ऐसे में जडेजा एक बार फिर अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं। ऐसे में आइए इंग्लैंड के खिलाफ उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जडेजा ने पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। उन्होंने अब तक 20 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 37 पारियों में 32.57 की औसत से 70 विकेट लेने में सफल रहे हैं। इस स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी ने इस दौरान 2 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका इस टीम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/48 का रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम (93) के बाद सबसे ज्यादा विकेट इंग्लैंड के खिलाफ ही लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जडेजा ने 20 टेस्ट मैचों की 33 पारियों में 2 बार नाबाद रहते हुए 33.25 की औसत से 1,031 रन बनाए हैं।

# टेस्ट क्रिकेट: इंग्लैंड में भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

नईदिल्ली,टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की धरती पर भारतीय गेंदबाजों को कई दिग्गज बल्लेबाजों ने कड़ी चुनौती दी है। समय–समय पर कुछ बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ जमकर रन बनाए और भारतीय क्रिकेट टीम की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब जब 20 जून से भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है तो आइए नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर जिन्होंने इंग्लैंड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। इस सूची में पहले स्थान पर इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट हैं। उन्होंने इंग्लैंड में भारत के खिलाफ पहला मुकाबला साल 2014 में खेला था। इस खिलाड़ी ने अब तक 15 मुकाबले खेले हैं और इसकी 25 पारियों में 74.95 की उम्दा औसत के साथ 1,574 रन बनाए हैं।



उनके बल्ले से 7 शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 180* रन है। भारतीय गेंदबाजों के लिए इस बार भी रूट बड़ी चुनौती होंगे। इस सूची में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज सलामी बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट 2007 में खेला था और आखिरी बार 2018 में मैदान पर उतरे थे। कुक ने 17 मैचों की 28 पारियों में 44.29 की औसत से 1,196 रन बनाए।

# बॉक्स ऑफिस पर हाउसफुल 5 की कमाई की रफ्तार धीमी



अक्षय कुमार की लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 7 दिन पूरे हो गए हैं। यह फिल्म 6 जून को दर्शकों के बीच आई थी और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म के कारोबार में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आइए जानें हाउसफुल 5 ने सातवें दिन बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, हाउसफुल 5 ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 127 करोड़ रुपये हो गया है। हाउसफुल 5 के निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है, वहीं फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। 225 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म की कहानी एक क्रूज शिप पर हुई हत्या के इर्द–गिर्द घूमती है। हाउसफुल 5 में अक्षय के अलावा अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।

## रघु कुंचे के जन्मदिन के अवसर पर गेडेला राजू का पहला लुक जारी

संगीत निर्देशक, अभिनेता और गायक रघु कुंचे दर्शकों के सामने एक शक्तिशाली सच्चाई लेकर आ रहे हैं – अगर आप इसे देखते हैं, तो यह एक सच्चाई है; अगर आप इसे नहीं देखते हैं, तो यह सौ संदेह है। रघु क्राइम थ्रिलर फिल्म गेडेला राजू में मुख्य भूमिका में हैं, जिसका टैगलाइन है काकीनाडा तालुका।

जन्मदिन के मौके पर फिल्म की टीम ने फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में रघु बेहद उग्र और गंभीर दिखाई दे रहे हैं। फिल्म को रघु कुंचे ने मोटूरी टॉकीज के बैनर तले प्रस्तुत किया है और चैतन्य मोटूरी ने इसका निर्देशन किया है।

# बीसीसीआई ने भारतीय घरेलू क्रिकेट ढांचे में बड़े बदलावों का किया ऐलान

मुंबई,भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025–26 घरेलू सत्र के लिए ढांचे में अहम बदलाव किए हैं और नए सत्र का पूरा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। बीसीसीआई के मुताबिक अब दलीप ट्रॉफी एक बार फिर क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाएगी, जिनका चयन जोनल चयनकर्ता करेंगे। वहीं, रणजी ट्रॉफी में प्लेट और एलीट ग्रुप से सिर्फ एक–एक टीम को पदोन्नत और अवनत किया जाएगा। यह कदम घरेलू क्रिकेट को और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उठाया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अब नॉकआउट की जगह सुपर लीग स्टेज होगा। ग्रुप स्टेज से क्वालीफाई करने वाली 8 टीमें 2 ग्रुप–ए और बी में बांटी जाएंगी। हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी और सभी



एक–दूसरे से मैच खेलेंगी। दोनों ग्रुप की शीर्ष टीमें सीधे फाइनल खेलेंगी। यही नया प्रारूप सीनियर महिला टी–20 ट्रॉफी में भी लागू होगा। बीसीसीआई का मकसद खिलाड़ियों को ज्यादा मुकाबले खेलने का मौका देना है। विजय हजारे ट्रॉफी, सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी और पुरुष अंडर–23 स्टेट– ए ट्रॉफी में अब टीमों को पिछले साल की तरह नहीं बांटा जाएगा। 2024–25 तक इन टूर्नामेंटों में 8–8 टीमों के 3 और 7–7 टीमों के दो ग्रुप होते थे, लेकिन अब से 4 एलीट समूह और एक प्लेट समूह बनाया गया है। टीमों को उनके अंक, जीत और नेट रन रेट जैसे पैमानों पर रैंक करके इन समूहों में रखा गया है। जिन टीमों की रैंकिंग अंक, जीत और नेट रन रेट जैसे पैमानों पर सबसे कम रहती है, उन्हें सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में सीधे प्लेट समूह में भेजा जाएगा। नया घरेलू सत्र 28 अगस्त 2025 से दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा और 3 अप्रैल 2026 को सीनियर महिला अंतर–क्षेत्रीय मल्टी–डे ट्रॉफी के साथ समाप्त होगा। बीसीसीआई का यह सत्र लगभग 5 महीने लंबा होगा और पूरे देश में विभिन्न मैदानों पर आयोजित किया जाएगा।

## एक नजर

### केंद्रीय विद्यालय खोले जाने का पूर्व सैनिकों ने किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में विधानसभा कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने पर खुशी जताई गई। कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुल जाने से क्षेत्रीय जन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है।

बद्रीनाथ मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष गोपाल बड़थ्वाल ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय को लेकर पूर्व सैनिक सेवा परिषद पिछले पंद्रह वर्षों से आंदोलनरत रहा। केंद्रीय विद्यालय के खुलने में हो रहे बिलंब को लेकर संगठन की तरफ से उच्चाधिकारियों को लगातार पत्राचार किया जाता रहा। प्रदेश अध्यक्ष ब्रिगेडियर (अप्रा) डीके बडोला व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके चतुर्वेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कहा कि आखिरकार कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय की शुरूआत हो गई है, जिससे केंद्रीय कर्मचारियों के नौनिहालों को उच्च शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, बलवान सिंह रावत, अनूप सिंह बिष्ट, महानंद ध्यानी, सुभाष कुकरेती, हसवंत सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### ऐरिएल सीडिंग की शुरुआत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः कुंती दयाल फाउंडेशन चमोलसैंण ने पैरामोटर के द्वारा सतपुली में ऐरिएल सीडिंग की शुरुआत की गई। फाउंडेशन के ट्रस्टी बीरेंद्र सिंह नेगी द्वारा पैरामोटर को द्वारा हरी झंडी दिखा कर सीडिंग की शरुआत की। हालांकि खराब मौसम के चलते सिर्फ 2 चक्कर ही लग पाए। इस अवसर पर दिग्मोहन नेगी ने ग्रामीण बच्चों को पौधे वितरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के परियोजना निदेशक दिनेश कंडारी, निदेशक नीरज शर्मा, मंजू नेगी, अनीता रावत, विनय सिंह, मातबर सिंह मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः राजकीय महाविद्यालय सतपुली, खैरासैंण का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं द्वारा गढ़वाली लोकगीत, नेपाली, मराठी, हिंदी व जौनसारी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। वार्षिकोत्सव में बीते वर्ष में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को और पर्यावरण दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राकेश द्वारा महाविद्यालय की सत्र 2024-25 की वार्षिक आख्या विस्तृत रूप से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजमोहन रावत, विशिष्ट अतिथि अभिभावक संघ के अध्यक्ष महेश मिश्रा, सतपुली थाना अध्यक्ष जगमोहन सिंह रमोला, डा. कुमार विमल लखटकिया, दीपाली मिश्रा आदि शामिल रहे।

### विधायक पंवार ने केंद्र की उपलब्धियां गिनाई

नई टिहरी। मुख्य अतिथि धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं विकास के 11 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के आम नागरिकों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना की शुरुआत की, जिससे लोगों को काफी फायदा पहुंच रहा है। विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ के ब्लॉक सभागार में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 11 वर्षों के उपलक्ष्य में भाजपा जौनपुर मंडल की बैठक रविवार को आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना से देशभर में करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए। अटल पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री कौशल योजना, नई राष्ट्र शिक्षा नीति जैसी योजनाएं आदि भी शुरू की गईं हैं। विधायक पंवार ने भाजपा के नए मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर सम्मानित भी किया। बैठक के अंत में अहमदाबाद विमान हादसे और केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। राज्य मंत्री गीता रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, महामंत्री अकबीर पंवार, विनीता रावत, खेमराज भट्ट भाजपा, राजेंद्र कोहली, पृथ्वी रावत, वीरेंद्र राणा, कुलबीर रावत, हीरा मणि गौड़, जयपाल, आशुतोष कोठारी, जमुनावती नौटियाल, रेखा डंगवाल, शैलेंद्र नौटियाल, राम प्रकाश भट्ट, ओमप्रकाश गौड़ आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर जर्जर हालत में खड़े चीड़ के पेड़

## जंगलों में आग लगने से खोखले हो गए हैं पेड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः राष्ट्रीय राजमार्ग दुगड्डा से गुमखाल के मध्य सड़क किनारे जर्जर हालत में खड़े चीड़ के पेड़ कब दुर्घटनाओं को अंजाम दे दें कुछ कहा नहीं जा सकता।



दुगड्डा से गुमखाल के मध्य आग लगने से खोखले हुआ पेड़ का हिस्सा

दरअसल, कुछ दिन पूर्व जंगलों में आग लगने से चीड़ के कई पेड़ों के तने आग से खोखले हो चुके हैं। ऐसे में तेज हवा चलने पर यह पेड़ धराशायी हो सकते हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है कि जंगलों की सुरक्षा के दावे करने वाला वन विभाग भी समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

इस वर्ष गर्मी की शुरुआत में ही दुगड्डा-गुमखाल के मध्य का जंगल में काफी जगह आग लगने की घटनाएं हुई। जंगलों की आग राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच गई थी। विकराल हुई आग से कई हेक्टेयर में फैला जंगल जल गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े चीड़ के बड़े–बड़े वृक्ष भी आग की चपेट में आ गए थे।

कई स्थानों पर पेड़ों के तने पूरी तरह जलकर खोखले हो गए हैं। ऐसे में यदि तेज हवा चली तो यह पेड़ धराशायी हो सकते हैं। स्थानीय निवासी सुधीर सिंह, मुन्नी देवी, मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री सफर करते हैं। ऐसे में यह पेड़ कब किसका काल बन जाएं, कहा नहीं जा सकता। कहा कि लोक निर्माण विभाग व वन विभाग को जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## मीनाक्षी व दिगंबर कुंवर दौड़े सबसे तेज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः पोखड़ा ब्लाक के भैंसवाड़ा गांव में रविवार को रतन सिंह कंडारी की स्मृति में बालक एवं बालिका वर्ग की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में बीरोंखाल, पोखड़ा, एकेश्वर, पौड़ी, सतपुली आदि क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ में 65 वर्षीय अनुसुया प्रसाद बडोला ने भी प्रतिभाग किया। रविवार को आयोजित मैराथन दौड़ के 5 किमी बालिका वर्ग में मीनाक्षी नेगी ने पहला, निधि नेगी ने दूसरा, रुचि रानी ने तीसरा, बालक वर्ग में दिगंबर कुंवर ने पहला, हिमांशु रावत ने दूसरा, पवन सिंह बिष्ट ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक सागर कंडारी, चंद्र सिंह नेगी मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी ललित मोहन सिंह नेगी, सार्थक नेगी, गढ़वाल सभा के अध्यक्ष महेश रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र रावत, दिक्का देवी, पुष्कर जोशी, विजय भारत, यशपाल सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के लिए करेगा कार्यःमहेंद्र

नई टिहरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तराखंड के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का समापन हुआ। समापन पर 191 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके स्वयंसेवकों ने शारीरिक, योगासन, नियुद्ध,दंड युद्ध कौशल और घोष का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कहा कि अब प्रशिक्षण ले चुके स्वयंसेवक संघ के कार्यों को और विस्तार देने में अपनी भूमिका निभाएंगे। बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जो स्वरूप आज हमें दिखता है उसकी स्वाभाविक कल्पना डॉ. हेडगेवार ने 1925 में कर ली थी। कहा कि उनकी दूरदृष्टि से विशाल संगठन का स्वरूप दिखाई पड़ता है,जो की 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर रहा है। कहा कि संघ सतत जिस कार्य को कर रहा है उसकी परिणति संघ के स्वयंसेवकों की सक्रियता से समाज में सर्वत्र दिखाई देती है। कहा कि षडयंत्र के तहत तीन बार संघ पर प्रतिबंध लगाया। बावजूद संघ ने अपना कार्य जारी रखा। कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है और हर भारतीय को अपनी सनातन संस्कृति और गौरव पर गर्व होना चाहिए। कहा कि भारत की विविधता को पूरा विश्व मानता है। कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में नए संकल्पों के साथ निरंतर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण से जोड़कर समाज में सेवा और संगठन शक्ति के आधार पर समाज में परिवर्तन के लिए कार्य कर रहा है। इसमें पांच परिवर्तन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता,पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है। इन परिवर्तनों को हर व्यक्ति को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 2025 में शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर नगर और गांवों में संपर्क करेंगे और इसकी व्यापकता के लिए निरंतर कार्य करते हुए संगठित समाज और राष्ट्र के निर्माण में भारत माता की सेवा में संलग्न रहेंगे।

# हेमा नेगी करासी व महिमा उनियाल के गीतों पर झूमे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः धुमाकोट महाकौथिग सीजन-4 के दूसरा दिन लोकगायिका हेमा नेगी करासी व महिमा उनियाल की आवाज का जादू देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण लोक गायकों के गीतों पर झूमते हुए नजर आए।

धुमाकोट में राजकीय इंटर कालेज के खेल मैदान में चल रहे महाकौथिग के तहत दोपहर तक क्षेत्रीय ग्रामीणों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों व महिलाओं का फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहा। महिलाओं ने गढ़वाली परिधानों के साथ व बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकों के साथ फैशन शो में प्रतिभाग किया। इसके उपरांत बच्चों की लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें ग्राम खुटिडा, पलासी, पीपली, रिंगल्टी, बडोलगांव, अदाली सहित अन्य गांवों के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक संध्या के दौरान लोकगायिक हेमा नेगी करासी व महिमा उनियाल के गीतों का जादू मौजूद जनसमूह के सिर चढ़कर बोला।

लोकगायिका महिमा उनियाल ने सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुति गणेश वंदना 'दैणां हुआं खोली का गणेशा...' की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद 'मेरो गढ़देश उत्तराखंड...' सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। लोकगायिका हेमा नेगी करासी ने 'तेरी गाड़ी घुंगाटू सोहना...', 'मेरी बामणी बामणी...', 'ऊंचा डांडा कांठा...' सहित कई अन्य लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने कृषक रवींद्र सिंह बिष्ट व गबर सिंह बिष्ट को बूंगी देवी को सम्मानित किया गया। जबकि दीवा देवी सम्मान से दर्शनलाल व दीपक रावत को नवाजा गया। दर्शन लाल को ढोल-दमाऊं वाद्य यंत्र भेंट किये गए। क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र ध्रुव रावत, कशिश रावत व समीक्षा रावत को आगे के पढ़ाई के लिए लैपटाप भेंट किये गए। समिति के संयोजक कुलदीप रावत ने बताया कि रविवार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में महिपाल सिंह रावत, नीरज पंत, सोमपाल नेगी, जंगबहादुर सिंह नेगी, गोपाल रावत, संजय रावत आदि मौजूद रहे। संचालन आरूषि जुया व कुलदीप रावत को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

# श्री सिद्धबली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, जाम हुआ हाईवे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। ऐसे में मंदिर को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। यातायात स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पुलिस को खूब पसीना बहाना पड़ा।



कोटद्वार में सिद्धबली मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा वाहनों का जाम

कोटद्वार में स्थिति श्री सिद्धबली मंदिर से सैकड़ों भक्तों की अस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार को बाबा के दर पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। रविवार सुबह से ही मंदिर दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगना शुरु हो गया था। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने लाइन में खड़े होकर सिद्धबली बाबा के दर्शन किए। बिजनौर से पहुंचे मदन सिंह ने बताया कि उनकी बाबा के प्रति अटूट श्रद्धा है। जब भी मौका मिलता है वह परिवार के साथ बाबा के दर्शन करने अवश्यक पहुंचते हैं। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब खड़े श्रद्धालुओं के वाहनों के कारण बुद्धा पार्क से मंदिर तिराहे तक वाहन रेंगते नजर आ रहे थे। पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्रालियों को बुद्धा पार्क के समीप रोक लिया, जिस कारण बिजनौर जिले के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुओं को झमाझम बारिश में पैदल ही मंदिर पहुंचना पड़ा।

# बारिश ने पानी-पानी हुआ पूरा कोटद्वार शहर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम वर्षाकाल से पूर्व नालियों की सफाई के दावे कर रहा है। लेकिन, रविवार को हुई बारिश ने पूरा शहर पानी-पानी कर दिया। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। बारिश थमने के बाद भी सड़कों के किनारे बारिश का पानी जमा हुआ था। ऐसे में पैदल चलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



कोटद्वार में हुई बारिश के दौरान देवी रोड में सड़क में भरा पानी

पिछले एक सप्ताह से गर्मी का पारा लगातार चढ़ता जा रहा था। भीषण गर्मी व उमस ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया था। ऐसे में रविवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी। करीब तीन घंटे तक चली बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात दिलवा दिया। वहीं, सड़कों पर हुए जलभराव ने चुनौती भी खड़ी कर दी। देवी रोड, झंडाचौक सहित अन्य कई स्थानों पर घुटने–घुटने तक पानी भर गया। सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में ही शहर की स्थिति बेपटरी हो गई तो वर्षाकाल में चुनौती और अधिक बढ़ जाएगी। कहा कि नगर निगम को नालियों की गंभीरता से सफाई करवानी चाहिए, जिससे वर्षा के पानी की बेहतर तरीके से निकासी हो सके।

# मत्स्य ग्राम के नाम से पहचाना जा रहा ग्वाड़ीगाड़

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** जिले के पाबौ ब्लाक का एक छोटा-सा गांव ग्वाड़ीगाड़ पूरे क्षेत्र में मत्स्य ग्राम के नाम से पहचाना जाने लगा है। यहां के छह किसानों ने मिलकर जो काम किया है, वह न केवल स्वरोजगार का नया रास्ता खोलता है, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया है। गांव के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ–साथ व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन कर रहे हैं। गांव में कुल 36 मछली तालाब तैयार किए गए गये हैं, जिनमें तिलापिया और पंगास जैसी अधिक उत्पादन देने वाली मछलियों का पालन किया जा रहा है। इस कार्य को गांव में छह सदस्यों द्वारा क्लस्टर आधारित पर किया जा रहा है, जिन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से ऋण प्राप्त कर अपने सपनों को आकार दिया। इस पूरी पहल की शुरुआत गांव के युवा किसान विपिन पंत ने वर्ष 2022 में एक छोटे से तालाब से की थी। शुरुआती सफलता के बाद उन्होंने मत्स्य विभाग के सहयोग से अपने कार्य को विस्तार दिया और 20 तालाब बनाए। उन्होंने गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया और उन युवाओं द्वारा गांव में 16 तालाब तैयार किए और सभी मिलकर अब व्यवस्थित मत्स्य पालन कर रहे हैं। विपिन पंत बताते हैं कि पिछले वर्ष 8 कुंतल मछली का उत्पादन किया गया था, जिससे अच्छी आय हुयी। इस वर्ष 22 हजार मछली बीज तालाबों में डाले गए हैं और 15 से 20 कुंतल मछली उत्पादन की संभावना है। अक्टूबर माह में मछलियों को विक्रय हेतु निकाला जायेगा। इसके साथ–साथ विपिन मुर्गी पालन से भी अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं और हाल ही में पांच महीनों में लगभग 85 हजार रुपये के अंडों की बिक्री कर चुके हैं। मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विपिन पंत व अन्य पांच सदस्यों को क्लस्टर आधारित मत्स्य तालाब निर्माण के लिए व क्लस्टर तालाब निर्माण के लिए सहायता बायोफ्लॉक तालाब के लिए दी गई है। साथ ही मत्स्य व्यापार को सुगम बनाने के लिये उन्हें विभाग की ओर से एक मोटरसाइकिल भी प्रदान की गई है। कहा कि ग्वाड़ीगाड़ गांव आज मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक उदाहरण बन गया है। यहां के किसानों ने यह दिखाया है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी यदि योजना, तकनीक और मेहनत को साथ लाया जाए, तो सफलता सुनिश्चित है।

## सामूहिक रूप से की चेनलिंक फेंसिंग, वन्य जीवों से बचेगी खेती

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत तिमली गांव में ग्रामीणों ने खेती को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास किए हैं। ग्रामीणों ने गांव के आसपास चेनलिंग फेंसिंग कर खेती के क्षेत्र में एक नवाचार किया है। सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ही स्थायी कृषि प्रणाली के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चल रही पर्माकल्चर योजना के तहत तिमली गांव का चयन किया गया। गांव में काश्तकारों ने अपना समूह बनाया और वित्तीय वर्ष 2024-25 में घेरबाड़ कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग में चेनलिंक फेंसिंग के लिए आवेदन किया। कृषि विभाग ने 820 मीटर लंबी चेनलिंक फेंसिंग के लिए जिला योजना से 4.76 लाख की धनराशि अवमुक्त की। इस धनराशि से जाली व पोल की खरीद की गई। गड्ढा खुदान, पोल लगाने, फेसिंग लगाने का कार्य ग्रामीणों ने स्वयं किया। करीब दो महीने की अथक मेहनत रंग लाई व गांव में 820 मीटर लंबी चेनलिंग फेंसिंग बनकर तैयार हो गई है। मुख्य कृषि अधिकारी डा.वीके यादव ने बताया कि चेनलिंक फेसिंग लगने के बाद अब खेतों में फसल सुरक्षित रहेगी। बताया कि गांव को कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग व उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों की ओर से एक समंवित विकास माडल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पीएम मोदी बनाएंगे विकसित भारतः सुबोध

नई टिहरी। चाका क्वीली में भाजपा गजा मंडल के बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों, शक्ति केंद्र संयोजकों व जिला कार्य समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। मुख्य वक्ता वन मंत्री सुबोध उनियाल ने केंद्र सरकार के 11 साल के कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। दुनिया में भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। पिछले 11 सालों में हर क्षेत्र में भारत ने नए–नए आयाम स्थापित किए हैं। गजेंद्र सिंह खाती ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। बैठक में नरेंद्रनगर के निर्वतामन ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह भंडारी, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष बीर सिंह रावत,प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश बंठवाण ,प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष धन सिंह सजवाण, महामंत्री जोत सिंह असवाल, जीतराम उनियाल, शैलेंद्र चौहान, विजय राम उनियाल, शेर सिंह बागडी,मनोहर लाल रणाकोटी आदि मौजूद रहे।

# युवक पर हमला करने वाले गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः युवक पर दरांती व सरिए से हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़ित युवक की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी।



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

घटना शुक्रवार शाम की है। देवी रोड निवासी जयदीप भट्ट ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वे अपनी गली के बाहर खड़े थे।

इसी दौरान सिम्मलचौड़ निवासी गुलशन रावत व रजनीश रावत ने उन पर दरांती व सरिए से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वे बुरी तरह घायल हो गए। हमलावर उन्हें मृत समझ मौके से भाग गए। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि रविवार को दोनों आरोपियों को उनके सिम्मलचौड़ में गैस गोदाम के समीप से गिरफ्तार कर दिया गया।

# कोटेश्वर खेल मैदान में अन्य संस्थान बनाने पर करेंगे आंदोलन

नई टिहरी। नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के कोटेश्वर बांध के निकट खेल मैदान में यदि कोटेश्वर बांध परियोजना ने अन्य निर्माण कार्य कर अन्य कोई संस्थान बनाने का प्रयास किया, तो बांध प्रभावित जनप्रतिनिधि उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीती 7 जून को टीएचडीसी कोटेश्वर बांध परियोजना के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन प्रेषित किया था, जिसे लेकर टीएचडीसी ने जनप्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खेल मैदान में युवा क्रिकेट टूर्नामेंट एवं अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन विगत कई वर्षों से कर रहे हैं। जिसके चलते स्थानीय जन प्रतिनिधि यहां पर खेल मैदान को स्टेडियम बनाने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन टीएचडीसी कोटेश्वर प्रशासन यहां पर मैदान में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए निर्माण करना चाहता है, जिससे खेल मैदान प्रभावित हो रहा है। जन प्रतिनिधियों ने मांग की है कि खेल मैदान के बदले में निकट ही खेल मैदान बना कर दिया जाए। इसके साथ ही वाटर स्पोर्ट्स कालेज व अन्य निर्माणाधीन संस्थान में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। जिससे बांध प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार मिल सके। जन प्रतिनिधियों में प्रधान संगठन अध्यक्ष धन सिंह सजवाण, निवर्तमान प्रशासक विनोद सिंह चौहान, रघुवीर सिंह सजवाण, प्रकाश सिंह, प्रेम सिंह, दरमियान सिंह रावत ने कहा कि अगर उनकी यह मांगें नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वार्ता में महाप्रबंधक एमके सिंह के अलावा परियोजना के संजय मेहर, शिव दत्त पेटवाल, प्रदीप असवाल में मामले में समय मांगा है ।



## पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए 9.12 करोड़ स्वीकृत

नई टिहरी। नरेंद्रनगर विधानसभा के अंतर्गत पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के विभिन्न अवस्थापना विकास कार्यों के लिए सरकार ने अंतिम किस्त के रूप में 9.12 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जिससे यहां निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। स्टेडियम में अवस्थापना सुविधाओं के बढ़ने से खेल प्रतिभाओं को मदद मिलेगी। मुनिकीरेती स्थित पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिसमें बहुउद्देशीय बैडमिंटन हॉल, राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट पिच और वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य चल रहे हैं। शनिवार को खेल निदेशालय ने स्टेडियम के निर्माण के लिए अन्तिम किस्त 9 करोड़ 12 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत ने बताया कि 12 करोड़ 34 लाख 82 हजार की धनराशि से स्टेडियम में खेल सुविधाओं के स्थापना हेतु कई निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

# रानीचौरी में प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाया

नई टिहरी। राजकीय इंटर कॉलेज रानीचौरी में मानवाधिकार संस्थान रानीचौरी व हेस्को संस्थान देहरादून के माध्यम से नमामि गंगे के तहत स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

जिसमें प्लास्टिक हटाओ व पर्यावरण बचाओ की थीम पर फोकस कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संजय बहुगुणा ने छात्र–छात्राओं को प्लास्टिक हटाओ–पर्यावरण बचाओ विषय पर विस्तार से जानकारी दी। छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम में बताया गया कि हम प्लास्टिक की थैलियों को इधर–उधर ना फेंककर कूड़ेदान में ही डालें। बताया कि किस प्रकार से प्लास्टिक थैलियों और रेपरों का गृह साज–सज्जा की सामग्रियों में उपयोग कर सकते हैं। इनसे फूलदान, पेनदान, डस्टबिन टोकरिया आदि बनाकर इनका सदुपयोग कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप रावत ने हेस्को देहरादून और मानवाधिकार समिति रानीचौरी के कार्यक्रम को जरूरी बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र विद्यालय में छात्र–छात्राओं को जागरूक करना अहम पहल है। कहा कि कार्यक्रम में छात्र सबक लें कि प्लास्टिक रैपरों को इधर–उधर फेंकने के बजाय उन्हें एकत्र करक उनका सदुपयोग कर पर्यावरण संरक्षण को बल दें।

## संक्षिप्त समाचार

### अषाढ़ संग्राद पर कीर्तन का आयोजन

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार की ओर से अषाढ़ महीने की संग्राद कथा–कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। हजूरी रागी भाई नरेंद्र सिंह जी ने आसा दी वार का शब्द परमेसरि दिता बनां, दुख रोग का डेरा भंना का गायन किया और सेवक परिवार के द्वारा रखे गये श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। हेड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी समझाते हैं कि जो जीव परमात्मा का सिमरन नहीं करते और सुख की आस लोगों पर बनाते हैं, उनका जीवन व्यर्थ चला जाता है, हम जैसा कर्म करते हैं वैसा ही हमें फल मिलता है और हमें सदा प्रभु को नजदीक मानकर अपना जीवन अच्छा बनाना चाहिए। महासिचव सरदार गुलज़ार सिंह ने बताया कि सिख सेवक जत्थे की ओर से 22 जून को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक निवास सुभाष रोड में सुबह साढ़े बजे से अपराह्न दो बजे तक गुरू हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर दीवाना सजेगा, जिसमें दरबार साहिब अमृतसर के दो हजुरी रागी भाई लखविन्द्र सिंह और वींरेंद्र सिंह जत्थे के साथ पहुंचेंगे। इस मौके पर सरदार गुरबख्श सिंह राजन, देवेंद्र सिंह भसीन, चरणजीत सिंह चन्नी, गुरप्रीत सिंह, जोली, सतनाम सिंह, दलबीर सिंह कलेर, अरविंद सिंह, अवीनाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### कैंची धाम स्थापना पर विशेष पूजा–अर्चना की

देहरादून। कैंची धाम स्थापना दिवस पर माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर देहरादून की ओर से दून योग पीठ देहरादून और भारतीय योग संस्थान देहरादून के सहयोग से विशेष पूजा अर्चना की गई। योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने बाबा नीम करोली महाराज के चित्र में पुष्प माला अर्पण के साथ धूप दीप प्रज्वलित किया और रोली चावल और चंदन चढ़ाया गया। योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने अंतर्मुखी होने का मंत्र देते हुए मैं और अहंकार छोड़कर हम की भावना होना ही एक सच्चे योग साधक की पहली पहचान है। इस मौके पर योगाचार्य कृष्ण अवतार मिश्रा, योगाचार्य राधा गैड़ा, योगाचार्य अंबिका उनियाल, योग शिक्षक विनय प्रकाश, अदिति उनियाल मौजूद रहे।

### हाईड्रो इंजीनियरिंग कालेज को आईआईटी का हिल कैंपस बनाया जाए

नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने सीएम पुष्कर धामी को पत्र लिखकर टीएचडीसी–आईएचईटी (हाईड्रो इंजीनियरिंग कालेज) की समस्याओं से अवगत कराते हुए इसे रुड़की आईआईटी का पर्वतीय परिसर बनाने की मांग की है। पत्र से सीएम को अवगत कराया है कि श्रेष्ठ भारत के निर्माण में इस संस्थान की भूमिका को मजबूत करने के लिए उचित निर्देशन देकर कार्यवाही की जाय। सीएम को संस्थान की परेशानियों से अवगत कराते हुए विधायक उपाध्याय ने बताया कि हाईड्रो इंजीनियरिंग कालेज के प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद सामने आई है कि इस संस्थान को अभी तक भूमि हस्तांतरित नहीं की गई है। संस्थान के नाम भूमि न होने से कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना इस इंजीनियरिंग कालेज को करना पड़ रहा है। संस्थान की सुरक्षा दीवार नहीं है। संस्थान की महत्ता को देखते हुए सुरक्षा दीवार का बनाया जाना जरूरी है। यहां पर हो रहे अनधिकृत निर्माण को हटाया जाना भी जरूरी है। सीवरेज लाइनें न होने से बढ़ रही परेशानियों के समाधान के लिए सीवरेज का निर्माण भी जरूरी है। इसलिए संस्थान की समस्याओं का समाधान करते हुए इसे रूड़की आईआईटी का हिल कैंपस बनाने की कार्यवाही तेज की जाय।

### तल्यामंडल काल भैरव मंदिर में स्थापित किए 121 शिवलिंग

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के तल्यामंडल में काल भैरव के नए मंदिर के निर्माण कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए मंदिर में 121 शिवलिंगों को स्थापित किया गया। आगामी 11 दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा,जागरण व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। मान्यता है कि यहां आने वाले व्यक्ति को पारिवारिक दुखों, स्वास्थ्य समस्या से लेकर अन्य परेशानियों से निजात मिलती है। खास बात यह है कि मंदिर के भव्य निर्माण में आए हुए खर्च का वहन भी यहां काल भैरव में आस्था रखने वाले लोगों द्वारा किया गया है। शनिवार को कलश यात्रा व विशेष पूजा के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूजा अनुष्ठान के लिए वृंदावन, काशी व बनारस से विशेष रूप से पंडितों व व्यास को बुलाया गया।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया एम.के.पी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एम.के.पी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एम.के.पी कॉलेज तक पैदल मार्च भी किया।

मुख्यमंत्री ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा योग को दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में भी सकारात्मकता लाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया था। उन्होंने कहा उत्तराखंड योग, आयुष और अध्यात्म की भूमि है। राज्य सरकार, उत्तराखंड को योग और वेलनेस टूरिज्म का वैश्विक हब बनाने पर कार्य कर रही है । राज्य सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है। जिसके अंतर्गत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।



## केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं

देहरादून। भाजपा मां नंदा देवी मंडल कैंट विधानसभा की ओर से रविवार को केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। ऑफिसर्स क्लब यमुना कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष भाजपा सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस दौरान देश में कई परिवर्तनकारी काम हुए हैं। कहा कि आज देश विकसित भारत बनने के लिए अग्रसर है। अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र बाल्मीकि ने कहा की हमें जाति पंथ, धर्म और क्षेत्रवाद के नाम पर अलग नहीं होना है, हम सबके प्रयास और मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर अग्रसर है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे, शेखर नौटियाल,अनुराज क्षेत्री, कुमारी मेघा मौजूद रहे।

## हेली कंपनियों की सुरक्षा संबंधी जांच कराए प्रदेश सरकार : प्रीतम सिंह

विकासनगर। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि हेली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। उन्होंने हेली सेवा संचालित करने वाली सभी कंपनियों की सुरक्षा संबंधी पहलुओं की जांच कराए जाने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

रविवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह विकासनगर के एक होटल में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन माफिया के खिलाफ सरकार के लोग ही आवाज उठा रहे हैं। हरिद्वार सांसद ने प्रदेश में अवैध खनन के मामले को लोक सभा में उठाया, जबकि यहां भाजपा के विधायक अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली पकड़ रहे हैं। आबकारी नीति पर बोलते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड एकमात्र ऐसा प्रदेश हैं जहां शराब की एक दुकान के साथ दो दुकान मुफ्त में दी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में शराब का कारोबार चलाने वाले व्यक्ति के सामने प्रदेश सरकार और नौकरशाही नतमस्तक हो गई है। सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में हर काम धाकड़ तरीके से हो रहा है। प्रदेश के संसाधनों की लूट के लिए सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर रखा है। कानून व्यवस्था को लेकर चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। सरकार की पुलिस निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रही है। कहा कि त्यूणी में पुलिस ने सेना के जवान के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। सरकार दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं करेगी तो कांग्रेस पुलिस के खिलाफ आंदोलन शुरू कर देगी।

## सोलर पंपिंग योजना से गुल्डी गांव को मिला पर्याप्त पेयजल

नई टिहरी। ब्लाक चंबा के गुल्डी गांव में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन को लेकर जल जीवन मिशन के तहत 44 लाख रुपये की लागत से बनी सोलर पंपिंग योजना यहां पर 50 से अधिक परिवारों को पानी दे रही है। जिससे गांव के लोगों को पेयजल की पर्याप्त सुविधा मिल रही है। केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हर घर जल योजना के तहत गुल्डी गांव लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनाई सोलर पंपिंग योजना ग्रामीणों के लिए खासी लाभान्वित करने वाली हो रही है। इस योजना से गांव के लगभग 55 परिवारों को पर्याप्त पानी मिल रहा है। ग्रामीण योजना से खासे संतुष्ट नजर आ रहे हैं। योजना को लेकर ईई पेयजल निगम चम्बा केएन सेमवाल ने बताया कि गुल्डी में ग्रेवटी का स्त्रोत उपलब्ध न होने के कारण सोलर पंपिंग योजना बनाई गई। इसके तहत गुल्डी गांव के ऊपर एक टैंक बनाया गया है। गांव के नीचे जल स्त्रोत से पानी टेप करके पंपिंग के माध्यम से पानी के टैंक तक पहुंचाया जाता है। पेयजल टैंक की जलाशय क्षमता 30 हजार किलोलीटर है। इससे तकरीबन 50 से 55 परिवारों को पेयजल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि पंपिंग स्टेशन का रख–रखाव एवं संचालन ग्राम पंचायत गुल्डी ही कर रहा है।

ग्राम प्रधान गुल्डी परमजीत सिंह सजवान का कहना है कि हमारे यहां पहले पीने का पानी चंबा पंपिंग योजना से आता था, जो 2–3 दिन में गांव पहुंचता था। सोलर पंपिंग योजना से हमारे यहां स्टोरेज टैंक और वाटर सप्लाई टैंक का निर्माण किया गया है।

## पुलिस ने बीस संदिग्ध लोगों से थाने में लाकर की पूछताछ

विकासनगर। चारधाम यात्रा और आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए कोतवाली पुलिस और सहसपुर थाना पुलिस ने रविवार सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान दोनों जगह 350 लोगों का सत्यापन किया गया। किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 19 मकान मालिकों का कोर्ट चालान काटा।

पुलिस अधिनियम में भी 20 लोगों का चालान किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा शहर की पॉश कॉलोनी दिनकर विहार में अभियान चलाकर दो सौ व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराए जाने पर सात मकान मालिकों का 70 हजार रुपये का कोर्ट चालान काटा गया। जबकि दस लोगों का पुलिस ऐक्ट में चालान काटकर 25 सौ रुपये बतौर जुर्माना वसूल किए गए।

## नगर निगम हरिद्वार ने शासन से मांगी 41 करोड़ की सहायता

हरिद्वार। श्रद्धालुओं के अनुरूप आधुनिक सुविधाएं बनाने के लिए नगर निगम हरिद्वार ने शासन से 41 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता और प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की है। मेयर किरन जैसल और सुभाष जैसल ने रविवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने शासन को बताया कि कांवड़ मेला 2025 में लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

इतनी बड़ी संख्या में भीड़ को संभालना केवल सुरक्षा का ही नहीं, बल्कि सफाई, स्वास्थ्य, पेयजल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भी जरूरी है इसीलिए नगर निगम ने अस्थायी शौचालय, सफाई कर्मचारियों की तैनाती, चूना छिड़काव, कूड़ा वाहन, उपकरण और चिकित्सा व्यवस्था के लिए तीन करोड़ रुपये के विशेष बजट की मांग की है। नगर निगम का मौजूदा कार्यालय भवन लगभग डेढ़ सदी पुराना है और अब बेहद जर्जर स्थिति में है। निगम ने नया भवन सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप भव्य स्वरूप में तैयार करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। फिलहाल सीमित संसाधनों के चलते यह काम अधर में है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए 10 करोड़ रुपये की मांग की गई है।



## अंडर–19 की पीएससी ने श्रेष्ठ खेल में खिताब अपने नाम किया

हरिद्वार। न्यू सेंट थॉमस एकेडमी स्कूल परिसर में स्कूल के संस्थापक रहे रामपाल सिंह की स्मृति में प्रथम बास्केटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। टूर्नामेंट में चार श्रेणियों में पिछले तीन दिनों से आयोजित किया जा रहा था। अंडर–17 बालक, अंडर–17 बालिका, अंडर–19 बालक और अंडर–19 बालिका वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस टूर्नामेंट में उत्तराखंड के कई जिलों से स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

स्कूल प्रशासन की तरफ से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को स्कूल की तरफ से ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक राहुल पाल ने बताया कि अंडर–17 बालक वर्ग के फाइनल में बॉल फॉर लाइफ और कोटद्वार की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें बॉल फॉर लाइफ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। अंडर–17 बालिका वर्ग का फाइनल एबीसी देहरादून और ऋषिकेश इंटरनेशनल की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें एबीसी देहरादून विजेता रही। अंडर–19 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में एथलेटिक ऐरा और पीएससी की टीमें आमने–सामने रहीं, जिसमें पीएससी ने श्रेष्ठ खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया।



## निगम ने रोडवेज से रानीबाग तक हटाया अतिक्रमण

हल्द्वानी। कैंची धाम के स्थापना दिवस पर यातायात बेहतर करने के लिए रविवार को नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से रानीबाग तक चलाए गए अभियान में फड़ ठेले हटाए जाने के साथ ही सामान जब्त किया गया। कैंची तक जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए नगर निगम की टीम सुबह से ही तैनात रही।

सुबह निगम के पर्यावरण मित्रों ने नैनीताल रोड में सफाई अभियान चलाया। वहीं दोपहर में सड़क पर यातायात बेहतर किए जाने के लिए निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। रोडवेज स्टेशन से रानीबाग तक चलाए गए अभियान में सड़क के किनारे लगाए गए फड़ और ठेले हटाए गए।वहीं दुकानों के बाहर लगाए गए सामान को जब्त किया गया।

## अवैध खरीद फरोख्त वाली जमीन को राज्य सरकार में निहीत करने की मांग

विकासनगर। पछुवादून के रसूलपुर में चाय बागान की जमीनों के अवैध खरीद फरोख्त वाले रकबे को राज्य सरकार में निहित करने की मांग शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि देहरादून में कई बीघा जमीन को जिलाधिकारी ने राज्य सरकार में निहीत किया है, उसी तर्ज पर पछुवादून में भी कार्यवाही की जानी चाहिए। आरटीआई कार्यकर्ता सुमित कुमार ने बीती 15 मई को अपर जिलाधिकारी प्रशासन से शिकायत की थी कि वर्तमान ग्राम रसूलपुर (पूर्व एनफील्ड ग्रांट) में चाय बागान की जमीनों पर प्रशासन की ओर से खरीद फरोख्त पर लगी रोक के बाद भी चार रजिस्ट्रियों को उप निबंधक प्रथम एवं द्वितीय विकासनगर के माध्यम से कराया गया।जिनमें से दो पर दाखिल खारिज भी कर दिया गया। मामले का तत्काल संज्ञान लेकर न्यायालय तहसीलदार विकासनगर ने उक्त हुए दोनों दाखिल खारिज को निरस्त होने योग्य मानते हुए अपने दाखिल खारिज के आदेश को निरस्त कर दिया था। शिकायतकर्ता ने अब उक्त रजिस्ट्रियों और दाखिल खारिज के संबंध में जिलाधिकारी देहरादून को ज्ञापन प्रेषित कर बताया कि 10–10–1975 के बाद चायबागन के रूप में प्रदान भूमि का किसी भी रूप में अंतरण बिना राज्य सरकार की अनुमति के नहीं हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति उक्त तिथि के बाद चाय बागान की भूमि का क्रय विक्रय करता है तो वह हस्तांतरण विलेख अवैध व शून्य समझा जाएगा तथा अंतरित करने वाले व अंतरण को स्वीकार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध ग्रामीण सीलिंग की धारा 35 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

## बारिश से सेलाकुई में सड़कों पर जल भराव, विकासनगर मंडी परिसर में फैला कीचड़



विकासनगर। पछुवादून में रविवार को हुई रिमझिम बारिश ने मौसम को सुहावना कर दिया। बीते दो दिनों से हो रही उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। लेकिन प्री मानसून की इस बारिश ने निकायों के दावों की पोल भी खोल कर रख दी है। रिमझिम बारिश में ही सेलाकुई की सड़कों पर पानी भर गया, जबकि कीचड़ ने विकासनगर मंडी परिसर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। काश्तकारों को अपनी नगदी फसलें रखने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। पछुवादून में जलभराव सबसे बड़ी समस्या है। राज्य गठन के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। आलम यह है कि रिमझिम बारिश में ही सड़कों पर पानी भर गया है। रविवार सुबह हुई बारिश से सेलाकुई में सिडकुल गेट के सामने पानी भर गया। मुख्य बाजार में एनएच किनारे नाले की सफाई नहीं होने के कारण बारिश के बाद एनएच पर कीचड़ फैल गया। जबकि स्टेट बैंक के सामने और ट्रक यूनियन के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग तालाब बना नजर आया।

## पुलिस ने युवक को बचाया

नई टिहरी। दिल्ली से परिजनों के साथ घूमने आया एक पर्यटक यहां कैंपटी फॉल में नहाते समय अचानक बेहोश होकर फॉल में गिर गया। वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान पुष्पेंद्र ने तत्परता दिखाते हुए युवा पर्यटक को फॉल से बाहर निकाला और उसे सीपीआर देकर पेट में भरे पानी को बाहर निकाला। उसके बाद उपचार के लिए उसे अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

महिला उप निरीक्षक प्रेमा कांडपाल ने बताया कि शनिवार को कैपटी फॉल में पर्यटक अमन गुप्ता (33) पुत्र शरद गुप्ता निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली अपनी पत्नी कोमल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नहा रहा था। इस दौरान वह अचानक फॉल में बेहोश होकर गिर गया।

## हल्द्वानी के ग्रामीणों को मिलेगा दोगुना पानी

हल्द्वानी। हल्द्वानी के ग्रामीणों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही उन्हें दोगुना पानी मिलेगा। इसके लिए जल निगम ने गांवों की पेयजल योजना को अपग्रेड करने के लिए प्रस्ताव बनाने शुरू कर दिए हैं।

इसके अनुसार प्रत्येक ग्रामीण तक हर दिन 55 लीटर पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिससे पानी की कमी से जूझ रहे लोगों की परेशानी कम होने की उम्मीद है। हल्द्वानी नगर निगम से बाहर के गांवों में हर साल नई कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है। गांव में नए घर बनने से इनका शहरीकरण हो रहा है। लेकिन यहां की पेयजल योजनाएं अभी भी ग्रामीण मानक के अनुसार संचालित हो रही हैं। जिसमें हर ग्रामीण को रोजाना 35 लीटर पानी दिया जा रहा है, जबकि शहरीकरण होने से पानी की मांग शहर के अनुसार बनी हुई है। ऐसे में कम पानी मिलने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब इसके समाधान के लिए जल निगम ने कवायद शुरू कर दी है। गांवों की योजनाओं को अपग्रेड करने के सर्वे शुरू कर दिया है। जिससे पेयजल आपूर्ति को बढ़ाने के लिए जरूरी स्त्रोतों का निर्माण और नई लाइनों का निर्माण किया जाएगा। गांवों के लोगों तक शहरी मानक के अनुसार 55 लीटर पानी पहुंचाया जा सकेगा।

## पूर्व रंग कार्यक्रम आयोजित कर योग करवाया

नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत पूर्व रंगकार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष मंत्रालय के दिशा–निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों, छात्रों, कर्मचारियों को योग करवाकर इसके लाभ बताए गये। परिसर के खेल मैदान में सुबह के वक्त आयोजित कार्यक्रम में योग प्राध्यापक डॉ सुधांशु वर्मा ने विभिन्न आसन कराते हुए कहा कि हमारे शरीर में अनेक ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है, जिनका उपचार हम स्वयं योग के माध्यम से कर सकते हैं।

# बीस दिन के प्रवास के बाद मूल मंदिर पहुंची बाशिक महासू की पालकी

विकासनगर। जेठ मास की अपनी प्रवास यात्रा 20वें दिन रविवार को बाशिक महासू महाराज मूल मंदिर मैंद्रथ में विराजमान हो गए। जखोली मेला और श्रद्धालुओं के घर रात्रि पूजन के लिए लिए देवता की पालकी 27 मई को मैन्द्रथ मन्दिर से बाहर निकली थी। 20 दिनों तक देव पालकी तहसील क्षेत्र के अलग–अलग गांवों जाकटा, बागी, बास्तिल, काण्डा, टियूटाड़, मुंधौल, सुखेड, त्यूणी, मैंद्रथ, निनूस आदि गांवों में रात्रि प्रवास पर रही। अंतिम पड़ाव प्रवास शनिवार को निनूस गांव में रहा। रविवार दोपहर बाद देवता अपने मूल मंदिर वापस विराजमान हो गए। मंदिर परिसर में देव पालकी के पहुंचते ही आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु देव दर्शन को पहुंचे थे। करीब एक घंटे तक मंदिर परिसर में देव पालकी श्रद्धालुओं को दर्शन दिए, जिसके बाद विधि विधान से पूजन के बाद देव पालकी को गर्भ गृह में विराजमान किया गया। इस अवसर पर बजीर दीवान सिंह राणा, हरीश चंद्र राणा, आदित्य पंवार, अजय, ठाणी रामलाल सेमवाल आदि मौजूद रहे।



## ई–संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण 5 से

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार की ओर से प्रदेश स्तरीय संस्कृत गान प्रतियोगिता के लिए 5 जुलाई से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किए जायेंगे।

पौड़ी जनपद के संयोजक सुनील फोन्दणी ने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा संस्कृत गान प्रतियोगिता के तहत जनपद स्तरीय ई–संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। बताया कि प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी दो से तीन मिनट का सुंदर एवं आर्कषक वीडियो बनाकर अपने जनपद संयोजक के पास व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित करेंगे। बताया कि प्रतियोगिता के लिए आनलाइन आवेदन 5 जुलाई से शुरू होंगे, वीडियो प्रेषण 15 जुलाई और दर्शकों की गणना 25 जुलाई तक रात्रि 8 बजे तक होगी। बताया कि प्रतियोगिता में संस्कृत विद्यालय के नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं।

बताया कि 5 अगस्त को परिणामों की घोषणा की जायेगी। बताया कि प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को 3100, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों को 2100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1500 रूपये की नकद धनराशि प्रदान की जायेगी। साथ ही ई–प्रमाण पत्र भी प्रदान दिये जायेंगे। बताया कि 13 जनपदों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सर्वाधिक दर्शन संख्या प्राप्त करने पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1500, द्वितीय 1200, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338